सार-समाचार

नशे को रोकने का संकल्प लिया

सीकर (निसं)। जिला कैमिस्ट एसोसिएशन की बैठक बुधवार को सीकर जिला मुख्यालय पर स्थिति होटल रॉयल इन में हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने आरजीएचएस योजना में राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे नवीन प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि आर्टीफिशियल इंटेलीजेंसी का युग है। इसमें लालच में आकर किसी प्रकार की गलती नहीं करें। उन्होंने आरजीएचएस योजना के तहत पात्र व्यक्ति को दवाइयों देने पर जोर देते हुए दवा खरीद के बिल व अन्य सभी दस्तावेज सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभी हालही में राज्य सरकार द्वारा की गई कार्रवाई में सीकर जिले के कई मेडिकल स्टोर पर अनियमितताए पाई जाने पर उनको योजना से बाहर कर दिया गया। ऐसी गलतियां करने वालों के लाइसेंस भी निरस्त किए जाएंगे। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट का पालन करने पर जोर देते हुए कहा कि नारकोटिक्स की दवाइयां बिना चिकित्सक की पर्ची के किसी को नहीं दें, यदि कोई कैमिस्ट ऐसा करता हुआ पकड़ा जाता है तो उसकी कार्यवाही के साथ जेल भी हो सकती है। औषधि नियत्रंण अधिकारी बलदेव सिंह चैधरी ने एनडीपीएस एक्ट के तहत आने वाली दवाइयों के स्टॉक व बेचे जाने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि सीकर की पहचान शिक्षा नगरी के रूप में हैं, इसे बनाए रखना सभी का दायित्व है। देश के कौने कौने से बच्चे पढ्ने के लिए सीकर में आते हैं और गलत संगत के कारण वे नशे की ओर से अग्रसर होते हैं, तो उनको रोकने का दायित्व सभी का है। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया, जिला औषधि नियंत्रण विभाग के सहायक औषधि नियंत्रक राजकुमार छींवा, औषधि नियंत्रण अधिकारी बलदेव सिंह चैधरी, गजनंद कुमावत सहित जिले के सभी दवा विक्रेता ने भाग लिया। बैठक में नशावृति को रोकने की शपथ लेकर सभी ने नशे को रोकने का संकल्प लिया।

शिविर आयोजित

राजलदेसर (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत दूसरे दिन ग्राम पंचायत परसनेऊ में शिविर का आयोजन हुआ। शिविर की अध्यक्षता सरपंच गोमती देवी ने की जिसमें विभिन्न समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी गण मौजूद रहे । इस अवसर पर तहसीलदार जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस पखवाड़ का उद्देश्य अंतिम छोर के व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाना है। इसदौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी 15 दिन शिविरों का आयोजन होगा। जिनमें नामातंरण, रास्तों के प्रकरणं का निस्तारण, आपसी सहमति से बंटवारे, स्वामित्व पट्टे बांटना, जल संरचाओं की मरम्मत, विद्युत पोल सही करना एवं झुलते तारों को खिंचवाना, लंबित नल कनेव्शन जारी किये जाएंगे। साथ ही, पानी की टंकियों की साफ-सफाई, स्वास्थ्य कार्ड का वितरण, इन शिविरों के माध्यम से किया जाएगा। शिविर में 1 टीबी किट भी वितरित किया गया। कुल 14 शिकायतें दर्ज की गई जिसमें 3 विद्युत विभाग, 6 पंचायतीराज, 2 जलदाय विभाग, 3 राजस्व विभाग से सम्बंधित शिकायत मिली। तहसीलदार ने दो जगह का मौका मुआयना भी किया । मंजू देवी -सांवरमल ने आवासीय के तहत किस्त खाते में नहीं आने की शिकायत दर्ज करवाई गई।1 लाभार्थी का पट्टा वितरण किया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार पूजा पारीक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर सारिका चौधरी, पटवारी दिलीप सिंह ज्योति बुरड़क, सुरेंद्र कुमार प्रेम कुमार सहायक विकास अधिकारी सहित अन्य ग्रामीण जन व अधिकारी मौजूद रहे।

डंपर पेड़ से टकराया, ड्राइवर की मौत

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी थाना क्षेत्र के पपुरना में देर रात को एक ओवरलोड डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान हादसे में डंपर ड्राइवर की मौत हो गई। बुधवार को राजकीय उप जिला अस्पताल में मृतक के शव का परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कंचनिया की ढाणी तन सिंघाना निवासी मोतीलाल (38) पुत्र नानूराम रात करीब 11 बजे खेतड़ी के खनन क्षेत्र से डंपर में पत्थर भरकर सिंघाना की ओर आ रहा था। इस दौरान जब वह पपुरना के पास पंहुचा तो अचानक डंपर के सामने पशु आ जाने से डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा कर पलट गया। हादसे में मोतीलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान राहगीरों ने घायल मोतीलाल को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राहगीरों ने बताया कि हादसा इतना जबरदस्त था कि डंपर की टक्कर लगने के बाद पेड़ बिजली की लाइन पर गिर गया, जिससे ट्रांसफार्मर व पोल टूट जाने से बिजली सप्लाई भी बंद हो गई। मृतक के एक बेटी चार साल की व बेटा दो साल का है। हादसे की सूचना पर ड्राइवर के परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई। इसके बाद खेतडी पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव का उप जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया। थानाधिकारी कैलाश चंद ने बताया कि परिजनों की ओर से दी जाने वाली रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अंत्योदय संबल पखवाड़े का शिविर लगाया

उदयपुरवाटी (निसं)। क्षेत्र के नांगल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े का आयोजन अभियान शिविर लगाया गया। शिविर में गर्मी में नि:शुल्क पानी टैंकर, नांगल में पेयजल सप्लाई सुचारू चालू करवाने बाबत, ग्राम कोट में उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण पूर्ण करवाने बाबत, जल जीवन मिशन पानी की टंकी में सप्लाई चालू करवाने सहित चार परिवाद आए। सीमा ज्ञान, अतिक्रमण हटवाने और खाद्य सुरक्षा में छ ,जन्म प्रमाण पत्र में एक आवेदन आया । शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान शिविर में शिविर प्रभारी तहसीलदार रजनी यादव, नायब तहसीलदार नीरज वर्मा, विकास अधिकारी राजेश कुमार, अधिकारी बृजलाल, अतिरिक्त विकास अधिकारी पूर्णाराम, सहायक विकास अधिकारी रवि प्रकाश,ग्राम विकास अधिकारी नांगल मधु मीणा, कनिष्ठ सहायक अनीता शर्मा, कृषि पर्यवेक्षक सुनीता बिजारणिया, पटवारी रोहिताश, कुमार कृष्ण कुमार, सुनील कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी छापोली डॉ रामनाथ सैनी, ग्राम विकास अधिकारी बागोरा विक्रम सिंह, नांगल सीएचओ पिंटू कुमार, कनिष्ठ सहायक बागोरा रामावतार, जगमाल सिंह, पूर्व सरपंच सुखराम सैनी, आसकरण सूद, नांगल कोट जीएसएस अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, योगेंद्र सैनी नांगल,ताराचंद सैनी नांगल सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

किसान गोष्ठी का आयोजन किया

उदयपुरवाटी (निसं)। पंचायत समिति सभागार में बुधवार को कृषि विभाग की ओर से किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषि पर्यवेक्षक दिनेश ने बताया कि कृषि विभाग झुंझुनू के कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण की ओर से किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक शीशराम जाखड, कृषि अधिकारी प्रमोद कुमार, सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक रामकरण सैनी, सहायक कृषि अधिकारी मूलसिंह, दिनेश मीणा, उद्यान विभाग सुरेंद्र सिंह जाखड,कृषि पर्यवेक्षक निकिता यादव, सुनीता बिजारणिया, संगीता सैनी आदि उपस्थित रहे। विभागीय अधिकारियों ने विभागीय योजना में कृषि पर कृषि यंत्र, तारबंदी, फॉर्म हाउस,पॉलीहाउस, नेट हाउस, फव्वारा, ड्रिप आदि योजनाओं की जानकारी दी। मौसमी बीमारियों के रोकथाम फसलों में रोग कीड़े की जानकारी दी। किसान को पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुपालन की योजनाओं एवं मौसमी बीमारियों आदि की जानकारी से अवगत करवाया। उपनिदेशक शीशराम जाखड़ ने कृषक पुरस्कार एवं कृषक भ्रमण एवं राज्य अंतरराज्य राज्य की जानकारी दी।

श्री गोपाल कृष्ण गौशाला में टीनशेड का उद्घाटन किया

पाटन (निसं)। गौसेवा को समर्पित श्री गोपाल कृष्ण गौशाला, सिरोही नीमकाथाना में भामाशाहों के सहयोग से निर्मित टीन शेड का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वीरांगना कविता सामोता, प्रदेश सह-संयोजक, सैनिक प्रकोष्ठ, भाजपा राजस्थान ने शिरकत कर टीन शेड का विधिवत उद्घाटन किया।कार्यक्रम में कोलकाता से पधारे अनेक सम्माननीय भामाशाहों की उपस्थिति रही, जिन्होंने गौसेवा जैसे पुनीत कार्य हेतु अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया। वीरांगना कविता सामोता ने अपने उद्बोधन में सभी भामाशाहों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए इस कार्य को सच्ची परमार्थ सेवा बताया। उन्होंने कहा, गौमाता हमारी संस्कृति, आस्था और परंपरा की प्रतीक हैं। गौसेवा मात्र एक धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। ऐसे नेक कार्यों में सहभागी बनना अत्यंत गर्व की बात है।कार्यक्रम के समापन पर गौशाला समिति और ग्रामवासियों ने अतिथियों का अभिनंदन कर आभार जताया।

मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सीकर के मास्टर प्लान 2041 के प्रारूप का प्रकाशन किया

- एक महीने तक व्यापक जनहित आधारित आपत्तियां आमंत्रित

सीकर (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को नगर परिषद सभागार, सीकर में मास्टर प्लान 2041 के प्रारूप का प्रकाशन किया। इस अवसर पर मास्टर प्लान पर आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया,जो आमजन के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी का अवलोकन कर शहरवासी आगामी एक महीने तक जनहित आधारित आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं।

इस दौरान यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मास्टर प्लान 2041 के लिए आगामी एक महीने तक जनहित आधारित आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। इन आपत्तियों का निस्तारण व्यापक जनहित को ध्यान में रखकर किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहरवासियों से प्राप्त सकारात्मक सुझावों पर गहन मंथन किया जाएगा, किंतु व्यक्तिगत लाभ से संबंधित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से सक्रिय सहयोग और सकारात्मक सुझाव देने का आव्हान किया ताकि व्यापक जनहित में कार्य हो सके। इस अवसर पर राज्य मंत्री खर्रा ने मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना की लाभार्थी लक्ष्मी, सरोज, जमन, चुंकली, पुतली को दस हजार रुपये के चेक भी वितरित किए। उन्होंने नगर परिषद सभागार में आयोजित मास्टर प्लान 2041 प्रदर्शनी का विमोचन एवं मास्टर प्लान के मानचित्रों की प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया।

नगरीय विकास एवं स्वायत शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने अपने संबोधन में कहा कि सीकर शहर के नागरिकों को व्यवस्थित नगरीय सुविधाएं देने की दिशा में यह मास्टर प्लान एक दूरदर्शी पहल है। यह योजना जन सहभागिता से पूर्ण होगी और इसमें आमजन के सुझावों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि काफी लंबे समय से सीकर के विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार करने का कार्य प्रगति पर था। हमारा उद्देश्य यह था कि इस योजना का प्रकाशन वर्ष 2024 में ही कर दिया जाए, लेकिन कुछ विधिक कारणों से इसमें विलंब हुआ। सभी पक्षों से गहन विचार-विमर्श के उपरान्त आज इसका अंतिम प्रारूप आप सभी की उपस्थिति में प्रकाशित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिना नियोजित विकास के अनेक प्रकार की समस्याएँ जन्म लेती हैं, जिनका प्रभाव प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हम सभी को भुगतना पड़ता है। हमारे पूर्वजों ने जिस दूरदृष्टि और योजनाबद्ध ढंग से गाँवों को बसाया, बस्तियों को नगर और नगरों को महानगर में बदला, वह कार्य आज का आधुनिक नागरिक नहीं कर पा रहा है।

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने नगर परिषद सभागार, सीकर में मास्टर प्लान 2041 के प्रारूप का प्रकाशन किया।

नगरीय विकास एवं स्वायत शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि प्राचीन नियोजित नगरों की मिसाल हमारे सामने है,जो आज भी सैकड़ों वर्षों के बाद भी मूलभूत समस्याओं से मुक्त हैं। वहीं, आज की अनियोजित बस्तियाँ आरंभ से ही जटिल समस्याओं से जूझ रही हैं।

नगरीय विकास एवं स्वायत शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बताया कि खेती, पशुपालन, समाज सेवा इन तीन के अलावा मेरे पास कोई काम नहीं है। उन्होंने बताया कि मैंने व्यक्तिगत हित के बजाय व्यापक जनहित को ज्यादा महत्त्व दिया हैं। उन्होंने कहा कि सीकर के नए मास्टर प्लान में जो व्यवस्थाएँ की गई हैं,उसमें आप सभी का सहयोग मिलेगा तथा हम सभी समस्याओं का समाधान करने में भी सफलता प्राप्त करेंगे।

उन्होंने बताया कि मास्टर प्लान 2041 के प्रकाशन में कुल 50 गांवों को शामिल किया गया है, मास्टर प्लान प्रकाशन की तिथि से एक माह तक आमजन की समस्याएं सुनी जाकर उनकी आपत्ती प्राप्त की जायेगी, इसके बाद राज्य सरकार द्वारा समस्या का समाधान होने के बाद मास्टर प्लान को धरातल पर लागू किया जाएगा

कार्यक्रम में धोद विधायक गोवर्धन वर्मा ने कहा कि सीकर बहुत तेज़ी से विकास की ओर बढ़ रहा है, इसलिए हमें समय के साथ सुविधाएं और संसाधन भी उसी गति से विकसित करने होंगे। उन्होंने बताया कि भारतीय सिंधु घाटी सभ्यता आज भी हमें यह सिखाती है कि जब योजना के अनुसार बस्तियाँ बसाई जाती हैं, तो वे समय की कसौटी पर खरी उतरती हैं। उस समय की नगर योजना, जल निकासी व्यवस्था और सड़कें आज भी आश्चर्य का विषय हैं। उन्होंने जयपुर की प्रशंसा करते हुए कहा कि जयपुर को महाराजाओं ने एक स्पष्ट प्लानिंग के तहत बसाया था और आज वह शहर अपने नियोजित ढांचे के कारण जाना जाता है। इसी प्रकार यदि हम सीकर के लिए भी एक ठोस और दूरदर्शी योजना अपनाएं, तो यह शहर भी प्रगति की नई ऊँचाइयों को छू सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि मास्टर प्लान 2021 में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि सेक्टर, सड़कों की चौडाई, ग्रीन एरिया, औद्योगिक विकास, बस स्टैंड, पार्क, स्कूल, कॉलेज यथावत रखे गए हैं, वहीं रिंग रोड की चौडाई भी 200 फीट ही रखी गई है। उन्होंने बताया कि नए मास्टर प्लान में शहर के आसपास के कुल 50 गांवों को शामिल किया गया है जिसमें ढाका की ढाणी, सबलपुरा, जगमालपुरा, भैरूपुरा, शिवसिंहपुरा, कटराथल, कुडली, दादली, हरदयालपुरा, समर्थपुरा, नानी, नाथावतपुरा, ढाणी सालम सिंह की, बजाज ग्राम, देवीपुरा, खींचडों का बास, दूल्हा की ढाणी, राधाकिशनपुरा, रामू का बास, गोकुलपुरा, कंवरपुरा, रामपुरा, संतोषपुरा, पूरा की ढाणी, बालाजी, भेरुजी नगर, घोराणा, नला का बालाजी, देवलानाडा, आशापुरा, बलरामपुरा, झीगर छोटी, शास्त्री नगर सहित कुल 50 गांवों को शामिल किया गया है।

'राजलदेसर विद्यालय में अतिशीघ्र रिक्त पद भरे जाएंगे'

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर कस्बे के निकटवर्ती गांव जोरावरपुरा स्टैंड पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का स्वागत कार्यक्रम रखा गया जिसमें मोमासर की सरपंच सरिता संचेती, उप सरपंच जुगराज संचेती के नेतृत्व में स्वागत अभिनंदन का कार्यक्रम रखा गया। स्वागत अभिनंदन के बाद उपस्थित लोगों ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को अपने-अपने ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में शानदार विकास कार्य हो रहे हैं उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि बरसाती पानी को अधिक से अधिक संग्रहण करें एवं उनका उपयोग पीने के लिए एवं कृषि के लिए उपयोग में लें। साथ ही पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल योजना के तहत लगने वाले शिविर में ग्रामीणों से कहा कि इन शिविरों के माध्यम से आप अधिक से अधिक लाभ उठाएं क्योंकि प्रधानमंत्री का आव्हान है कि अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को उनको सरकारी योजना का लाभ कैसे मिले इसी योजना के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 15 दिन तक यह पखवाड़ा अभियान चलाया है इसमें अधिक से अधिक ग्राम पंचायत में पहुंचकर शिविरों का लाभ उठाएं। इस अवसर पत्रकार मदन दाधीच, शिव भगवान सोनी ने राजलदेसर राजकीय सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय में लंबे समय से प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के रिक्त पदों के बारे में अवगत कराया तो उन्होंने कहा कि जुलाई माह तक सभी रिक्त पद भर दिए जाएंगे । इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजना का सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक प्रचार प्रचार के माध्यम से जनता को लाभ पहुंचाएं।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

बीदासर (निसं)। कस्बे के उतरादा बास स्थित बाबा भोलानाथ बगीची में वंदना कंवर विष्णु सिंह बडगुर्जर के सौजन्य से भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नंद के आनंद भयों जय कन्हैया लाल की के उद्घोष के साथ कथा स्थल गुंजायमान हो उठा। भक्तों ने भजनों की धुन पर थिरकते हुए श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का जमकर आनंद लिया। इस अवसर पर श्रद्धालुगण झूमते व नाचते नजर आए। इस अवसर पर संत हरिशरण महाराज ने कहा कि जब जब धर्म पर विपदा आती है, तो उस विपदा को दूर करने के लिए भगवान का अवतार होता है। उन्होंने वामन अवतार प्रसंग पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारे पास जो भी है, वह सब कुछ भगवान का ही है।

जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

पचेरीबड़ी, (निसं)। सिंघानिया विश्वविद्यालय पचेरी में दो दिवसीय जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया। जिसमें अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल यवाओं में छिपी खेल प्रतिभा को उभारना था। बल्कि खेलों के माध्यम से उनके समग्र विकास को भी प्रोत्साहित करना था। इस प्रतियोगिता में जिले के प्रमुख स्कूलों की टीमें शामिल हुई और मैदान पर जोश, जज्बा और अनुशासन का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना और टीम वर्क की मिसाल पेश की, जिससे यह आयोजन एक यादगार अनुभव बन गया। प्रतियोगिता की विजेता टीम मुरादपुर और उप विजेता टीम चिड़ावा रही। बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब साहिल सैनी को मिला, जबकि बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार कियान को प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस टूर्नामेंट में दर्शकों की भी भारी भीड़ उमड़ी। छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने खिलाडियों का हौसला बढाया। सिंघानिया विश्वविद्यालय द्वारा किए गए इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण भारत में भी खेलों के लिए अपार संभावनाएं मौजूद हैं। इस अवसर पर कैंपस निदेशक प्रो. डॉ. पीएस जैसल ने कहा खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह जीवन कौशल, अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास को भी निखारते हैं। सिंघानिया विश्वविद्यालय हमेशा से शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी बराबर महत्व देता आया है और आगे भी इस तरह के आयोजनों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करता रहेगा। टूर्नामेंट के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और विजयी टीमों को विशेष सम्मान से नवाज़ा गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी घोषणा की कि भविष्य में ऐसे और भी खेल आयोजनों की योजना बनाई जा रही है। इस आयोजन के दौरान विश्वविद्यालय के प्रमुख पदाधिकारी और गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. पवन कुमार त्रिपाठी प्रो. वाइस चांसलर, मोहम्मद इमरान हाशमी रजिस्ट्रार, डॉ. सुमेर सिंह डीन एवं शोध विभाग, प्रो. डॉ. आलोक कुमार डीन एवं एचएमसीटी निदेशक, प्रो. डॉ. बजरंगलाल, डॉ. मोनिका पीआरओ, डॉ. दिनेशसिंह यादव शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग प्रमुख, बिजेंद्र शर्मा प्रशासन निदेशक, डॉ. विजय सिंह प्रिंसिपल, महेंद्र सिंह बिजारणियां, लक्ष्य गर्सा, जनरैल सिंह, जगवीर सिंह, लीलाधर, सत्यपाल, होशियार सिंह आदि उपस्थित रहे।

सार-समाचार

नि:शुल्क हैल्थ चेकअप शिविर आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। रिको औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैसर्स राजस्थान हर्बल इंटरनेशनल प्रालि में ईएसआईसी कार्ड धारकों का ऑक्सफोर्ड मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल की ओर से नि:शुल्क हेल्थ चेकअप किया गया। इस अवसर पर फिजीशियन डॉ. खालिद मैराज, ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ. जावेद, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. गीतिका गुप्ता, मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंकित चौधरी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपिका आदि ने राजस्थान हर्बल इंटरनेशनल प्रालि के कर्मचारियों का बीपी, शुगर, अस्थमा एवं हिमोग्लोबिन की जांच कर नि:शुल्क दवाई वितरित की। अस्पताल के सेल्स हैड रमेश बुंदेला ने बताया कि ऑक्सफोर्ड अस्तपाल में प्राइवेट कंपनी में कार्य करने वाले ईएसआईसी कार्ड धारकों के लिए कैशलेश इलाज व ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। राजस्थान हर्बल इंटरनेशनल प्रालि के एचआर सादिक अली ने अस्पताल के डॉक्टर्स का धन्यवाद किया और शिविर आयोजित कर नि:शुल्क दवाई वितरण पर आभार जताया। इस अवसर पर शिविर में अस्तपाल के मैनेजर मोहम्मद दाउद, लोकेश चौधरी व कम्पनी प्लांट मैनेजर इरफान खान, मनवर दीवान, प्रवीण शर्मा, अमित जांगिड़, सांवत सिंह, उमर कुरैशी, आबिद अली, संजय योगी, नफीश, मो. राहु आदि मौजूद थे।

150 मरीजों की मोतियाबिंद जांच हुई

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 28वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन बुधवार को माहेश्वरी भवन में हुआ। शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया कि नन्दलाल ओमप्रकाश झंवर की स्मृति में उनके परिवार जनों के आर्थिक सहयोग से शिविर में 150 मरीजों की मोतियाबिंद जांच कर 51 मरीजों का चयन नेत्र लैंस प्रत्यारोपण के लिए किया गया व शेष मरीजो को ट्रस्ट की तरफ से नि:शुल्क दवाई दी गयी। चयनित रोगियों को ऑपरेशन के लिए जयपुर ले जाया गया। वहां उनका ऑपरेशन गुरुवार को आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का किया जाएगा। शिविर शुरू होने से पूर्व भगवान शंकर की प्रतिमा के आगे डॉ श्याम भवी, डॉ वेदप्रकाश पुरोहित, डॉ अरविंद शर्मा, डॉ विजयकुमार गोयल, डॉ राकेश गोड, डॉ लालचंद सुथार, डॉ टी.डी. हर्ष ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। आगुन्तक अतिथियों का स्वागत रामोतार चांडक ने किया। इस मौके पर राकेश जाजू, प्रदीप लढ्ढा, योगेश लढ्ढा, शोभित जाजू, नरेश पेडीवाल, नन्दकिशोर माटोलिया, पूर्णमल कम्मा, मुरलीधर मण्डगिरा, महावीर रामगढिया, महेंद्र पारीक, एड कमल सोनी, मांगीलाल स्वामी, रामोतार ठठेरा, विरेन्द्र रॉयल, कनक सोनी, ममता सोनी आदि ने अपनी सेवाएं दी।

भाजपा ने आपातकाल की बरसी को काले दिवस के रूप में मनाई

झुंझुनूं, (निसं)। पीरूसिंह सर्किल स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में भाजपा द्वारा आपातकाल 25 जून की बरसी को काला दिवस के रूप में या गया। आपातकाल पर आयोजित संगोष्ठी बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने की। जबकि मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, भाजपा युवा नेता बबलू चौधरी, जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला मंत्री मंजू सैनी, महावीर ढाका व पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल रहे। इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि ने कहा कि भारत के लोग आपातकाल के दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाते है। आपातकाल लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक है। जिसमें देश के प्रत्येक नागरिकों के साथ पत्रकारों की स्वतंत्रता को भी बेड़ियां पहनाने का कार्य किया गया। आपातकाल इंदिरा गांधी द्वारा अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए लगाया गया था। जिसके दौरान नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे। प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई थी और राजनीतिक विरोधियों को गिरफ्तार किया गया था। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद समय था।

घर में खड़ी बाइक चोरी

कोलसिया, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम नया परसरामपुरा में अज्ञात व्यक्ति घर के अंदर खड़ी मोटरसाइकिल चुरा ले गए। मोटरसाइकिल के मालिक सुनिल ने बताया कि उसने रोजाना की तरह अपने घर में मोटरसाइकिल के ताला लगाकर खड़ी की थी और वह दूसरे ग्राम में किसी कार्यक्रम में गया हुआ। उसकी मां भी किसी दूसरे गांव गई हुई थी। घर में उसकी दो भाभियां थी। जब वह सुबह पाने पांच बजे कार्यक्रम से घर आया तो घर के दरवाजे के पास सीढ़ी लगी देखी और दरवाजा खुला पाया तो अंदर उसकी मोटरसाईकिल नहीं थी।

लोकतंत्र सेनानियों की बदौलत ही आज संविधान और लोकतंत्र जीवित है : दिलावर

चूरू (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज विभाग मंत्री मदन दिलावर बुधवार को चूरू दौरे पर रहे। उन्होंने जिला मुख्यालय पर टाउन हॉल में देश में लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित संविधान हत्या दिवस 2025 कार्यक्रम में भाग लेकर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया। इस पर विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, पद्मभूषण देवेंद्र झाझडिया, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व लोकतंत्र सेनानी मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि हमारे लोकतंत्र सेनानियों की बदौलत ही हमारा संविधान व लोकतंत्र आज जीवित है। हम सतर्क रहें और देश और संविधान को सुरक्षित व संरक्षित करें। हमारा संविधान सर्वोच्च है। हम संविधान के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखें। मंत्री दिलावर ने संविधान हत्या दिवस मनाने के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपातकाल को 50 वर्ष बीत गए है। हमारी आने वाली पीढ़ी को ये पता रहना चाहिए कि हमारे लोकतंत्र को बचाने के लिए लोकतंत्र सेनानियों ने कितने कष्ट झेले थे।

लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया।

उन्होंने कहा कि हम आने वाली पीढ़ी में संवैधानिक मूल्यों और विचारों का संचार करें। आने वाली पीढ़ियां संविधान व संवैधानिक नीतियों का विरोध करने वाली गतिविधियों का डटकर विरोध करें। हमारे लोकतंत्र सेनानियों ने उस दौर में जेल एवं जेल से बाहर कडी यातनाएं झेलीं, जिनकी बदौलत आज संविधान सुरक्षित है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संविधान और संवैधानिक मूल्यों के प्रति अपनी निष्ठा जाहिर करते हुए आज का दिन संविधान हत्या दिवस घोषित किया है। हमें इन लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करते हुये उस समय की उन प्रताड़नाओं व दृश्य को याद करते हुए संविधान व लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहना है।

विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि हमारे लोकतंत्र सेनानियों ने लोकतंत्र को बचाने के लिए कडी यातनाएं झेली है। हमारी आने वाली पीढ़ी उन यातनाओं को सुने, समझे और देश के लिए प्रतिबद्ध रहे। पद्मभूषण डॉ. देवेंद्र झाझडिया ने कहा कि हमारे लोकतंत्र सेनानियों ने संविधान को बचाने के लिए लडाईयां लडी, तभी भारत आज शीर्ष पर खडा है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिए संविधान को बचाने का काम हमारे लोकतंत्र सेनान